वहा श्याम मिलेगा

खाटू की हर गली में ये पैगाम मिलेगा,
श्याम मिलेगा रे वहा श्याम मिलेगा,
जन्नत की और तुझको एक द्वार मिलेगा,
श्याम मिलेगा रे वहा श्याम मिलेगा.......

लोगों ने पूछा कहा श्याम का ठिकाना,
हम भी करेंगे थोड़ा मिलना मिलाना,
गुलशन के गुल में मस्ती की धुन में,
मस्ती की धुन में गुलशन के गुल में,
जहां जहां श्याम परिवार मिलेगा,
श्याम मिलेगा रे वहा श्याम मिलेगा........

अपना बनाए चाहे रूठे जमाना,
झुठे ये रिश्ते है झूठा फसाना,
वापस न जाना दिल न दुखाना,
दिल न दुखाना वापस न जाना,
दिल वालो का वो दिलदार मिलेगा,
श्याम मिलेगा रे वहा श्याम मिलेगा......

बांके बिहारी हमको चरनो में लेना,
अगला जन्म हमको खाटू में देना,
खुदको खोएगा एहसास होगा,
जब खुद को खोएगा एहसास होगा,
सागर के दिल में घनश्याम मिलेगा,
श्याम मिलेगा रे वहा श्याम मिलेगा......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29841/title/wahan-shyam-milega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |